पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने राष्ट्रपति के सम्मान में स्वल्पाहार का आयोजन किया</u>

<u>राष्ट्रपति ने धन्वन्तरि वाटिका राजभवन में 'श्वेत चम्पा' का पौधा रोपित किया</u>

<u>राष्ट्रपति ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की</u>

लखनऊ: 15 सितम्बर 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द के सम्मान में स्वल्पाहार का आयोजन किया। स्वल्पाहार में राष्ट्रपति की पत्नी श्रीमती सविता कोविन्द, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री डी0बी0 भोसले तथा अन्य न्यायमूर्तिगण उपस्थित थे। राजभवन में राष्ट्रपति के साथ न्यायमूर्तिगण, राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का ग्रुप फोटो सेंशन भी हुआ।

राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति वाटिका जाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री डा0 दिनेश शर्मा सहित तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द ने राज्यपाल को भारत के संविधान की एक प्रति भेंट की। इसके साथ ही राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द उनकी पत्नी श्रीमती सविता कोविंद, राज्यपाल श्री राम नाईक तथा उनकी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक ने धन्वन्तरि वाटिका राजभवन में 'श्वेत चम्पा' के पौधे भी रोपित किये। इस अवसर पर धन्वन्तरि वाटिका के प्रभारी एवं आयुर्वेद चिकित्सक राजभवन डा0 शिव शंकर त्रिपाठी द्वारा राष्ट्रपति को 2001 से 2016 तक धन्वन्तरि वाटिका द्वारा प्रकाशित पत्रक 'शतायु की ओर' के सोलह अंकों का संग्रह भेंट किया गया। इन पत्रकों में आयुर्वेद से जन स्वास्थ्य को कैसे निरोग रखा जाये, की जानकारी दी गई है। इस संग्रह की सराहना राष्ट्रपति द्वारा की गई।

राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द को राजभवन में राज्यपाल के विधि परामर्शी श्री एस0एस0 उपाध्याय ने अपने द्वारा लिखी गई पुस्तक 'द गवर्नर्स गाइड' की प्रति भेंट की। पुस्तक की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह पुस्तक राज्यपालों के लिये अत्यन्त उपयोगी है। राष्ट्रपति ने अपने सचिव को निर्देश दिया कि 'द गवर्नर्स गाइड' की 50 प्रतियां उन्हें उपलब्ध कराई जाए जिन्हें आगामी 11 से 13 अक्टूबर, 2017 तक राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले राज्यपालों के सम्मेलन में प्रत्येक राज्यपाल को भेंट की जायेगी।

अंजुम/ललित/राजभवन (348/20)

मा. मुख्य मंत्री

दीनदयाल उपाध्याय
की प्रतिमा का अनावरण
माननीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी
माननीय श्री कल्याण सिंह जी
मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश
माननीय श्री लाल जी टण्डन
पंडित जी के जन्म दिवस के अवसर पर
जे. एस. मिश्र

श्री राम नाथ कोविन्द
मा. राष्ट्रपति, भारत
द्वारा रोपित
श्वेत चम्पा
Magnolia alba
15 सितम्बर, 2017

श्री राम नाईक
मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
श्वेत चम्पा
Magnolia alba
15 सितम्बर, 2017

THE GOVERNORS' GUIDE